卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 23 | अंक 172 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | बुधवार | 29 मार्च 2023 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


## अष्टम नवरात्र




नवरात्र के आठवें दिन मां भगवती के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन कन्या पूजन करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

### जी-20 समिट में दूसरे दिन हुई राउंड टेबल कांफ्रेंस

# वैज्ञानिकों ने चार एजेंडों पर किया मंथन

रामनगर (उद संवाददाता)। जी-20 की तीन दिवसीय समिट के दूसरे दिन 20 देशों के मुख्य विज्ञान सलाहकारों ने चार एजेंडों पर मंथन किया। रामनगर के रिसॉर्ट में सुबह समिट के तहत राउंड टेबल कांफ्रेस का आगाज हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य के मुद्दे पर भी अहम चर्चा हुयी। विशेषज्ञों ने बीमारी की रोकथाम और महामारी से बचाव को लेकर चिंतन किया। मंगलवार को विदेशी मेहमानों का पंतनगर, रुद्रपुर से लेकर रामनगर तक भव्य स्वागत किया गया। समिट को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। बुधवार को सुबह ढिकुली के ताज रिजॉर्ट में कांफ्रेंस शुरू हुई। पहले एजेंडे में रोग नियंत्रण एवं महामारी से निपटने की बेहतर तैयारी के लिए 'वन हेल्थ' में अवसर पर मंथन हुआ। दूसरे एजेंडे में विज्ञान से जुड़ी जानकारी सुलभ व निशुल्क, त्वरित तरीके से कैसे सभी तक पहुंचे, उस पर मंथन किया गया। तीसरे एजेंडे में विश्व स्तर के प्रयासों के बीच समन्वय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विविधता, समानता, समावेशन पर वैश्विक नीति (शेष पृष्ठ सात पर)








# सहारा में डूबा निवेशकों का पैसा होगा वापस

### याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को दी अनुमति

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। सहारा की चिट फंड योजनाओं में पैसे फंसा चुके लोगों को सुप्रीम कोर्ट की ओर से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी-सहारा फंड से 5 हजार करोड़ रुपए इन निवेशकों के लिए जारी करने की केंद्र सरकार को अनुमति दे दी है। निवेशकों से धोखाधड़ी के एक दूसरे मामले में 2012 में बने इस फंड में लगभग 24 हजार करोड़ रुपए जमा हैं। दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमें सरकार ने कहा था कि कई चिट फंड कंपनियों और सहारा क्रेडिट फर्मों में निवेश करने वाले जमाकर्ताओं को उनका पैसा वापस लौटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट से याचिका स्वीकार होने के बाद अब केंद्र सरकार 24000 करोड़ के कुल फंड में से निवेशकों को 5000 करोड़ का आवंटन कर सकेगी। इस रकम से 1.1 करोड़ निवेशकों के पैसों का भुगतान किया जा सकेगा। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि सहारा समूह की सहकारी समितियों द्वारा ठगे गए जमाकर्ताओं को उनका पैसा वापस किया जाए। वहीं, पीठ ने यह भी कहा कि इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी करेंगे। केंद्र सरकार ने सेबी-सहारा रिफंड अकाउंट नामक एक फंड से 5,000 करोड़ रुपये की राशि लेने की (शेष पृष्ठ सात पर)



# कर्नाटक में दस मई को होगा विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव आयोग ने प्रदेश की सभी 224 सीटों पर चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। चुनाव आयोग ने प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में विधानसभा चुनाव कराने का एलान किया है। राजीव कुमार ने बताया कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग 10 मई को होगी। नतीजे 13 मई को आएंगे। कर्नाटक में कुल मतदाताओं की संख्या 5,21,73,579 है। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग 2.6 करोड़ है। 80 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोट डालने की सुविधा मिलेगी। प्रदेश में लगभग 9.17 लाख मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। वोटिंग के लिए प्रदेशभर में कुल 58,282 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें से 20,868 पोलिंग बूथ शहरी इलाकों में हैं। 29 हजार से ज्यादा पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग की जाएगी। राजीव कुमार ने बताया कि करीब 1,320 मतदान केंद्रों पर केवल महिला कर्मचारी मौजूद रहेंगी। 240 (शेष पृष्ठ सात पर)

# गाजे बाजों के साथ निकला अटरिया मां का डोला, मेला शुरू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मोहल्ला रम्पुरा स्थित मां अटरिया देवी मंदिर से जयघोषों एवं पुष्प वर्षा के बीच मां अटरिया देवी का भव्य डोला गाजे बाजों के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया। जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरता हुआ प्राचीन श्री अटरिया देवी माता शक्ति पीठ पहुंचा। जहां मां अटरिया देवी की प्रतिमा को विधि विधान एवं पूजा अर्चना के बीच स्थापित किया गया। इसके साथ ही प्राचीन श्री अटरिया मेला भी प्रारंभ हो गया। इससे पूर्व मोहल्ला रम्पुरा स्थित मां अटरिया देवी मंदिर में प्रात: महंत पुष्पा देवी की अगुवाई में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जिसके पश्चात फूल मालाओं से सुसज्जित पालकी में माँ अटरिया देवी की प्रतिमा को विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा पालकी पर पुष्प वर्षा की गई सारा वातावरण मां अटरिया देवी के जय घोषों से गुंजायमान हो उठा। भव्य डोला शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की गई थीं वही कलाकारों (शेष पृष्ठ सात पर)






# विधानसभा कार्मिकों के धरने को 100 दिन पूरे

देहरादून(उद संवाददाता)। विधानसभा से बर्खास्त होने के बाद कर्मचारियों के धरने पर बैठे 100 दिन पूरे हो गए हैं। धरना प्रदर्शन पर बैठे कार्मिकों द्वारा कई प्रकार से विधानसभा अध्यक्ष व सरकार से न्याय की गुहार लगाई गई। बावजूद इसके अभी तक सरकार द्वारा उनकी कोई सुध नहीं ली गई। कार्मिकों का कहना है कि उन्हें उच्च न्यायालय पर पूर्ण भरोसा और विश्वास है कि न्यायालय 228 परिवारों के साथ न्याय अवश्य करेगा। उन्होंने कहा जब कभी सरकार विफल होती है वहां न्यायालय न्याय के लिए आगे आकर अन्याय को कुचलने का काम करता है। इस दौरान कई कार्मिक भावुक भी हुए बता दें कि बर्खास्त कार्मिकों की याचिका पर उच्च न्यायालय की एकल पीठ में 31 मार्च को सुनवाई होनी है। इससे पहले एकल पीठ द्वारा ही बर्खास्त कार्मिकों (शेष पृष्ठ सात पर)



# विधायक कैड़ा के पिता का निधन शोक व्यक्त करने पहुंचे सीएम धामी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा के पिता 84 वर्षीय नारायण सिंह कैड़ा का मंगलवार शाम निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। सूचना मिलने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए काठगोदाम सर्किट हाउस से सीधा जजफार्म स्थित विधायक के आवास पर पहुंचे। उन्होंने कैड़ा के परिवारजनों को ढांढस बंधाया। (शेष पृष्ठ सात पर)



# चारधाम यात्रा के लिये स्थानीय लोगों के पंजीकरण की अनिवार्यता समाप्त

## राज्य के धार्मिक स्थलों और स्थानीय उत्पादों की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाए : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता) आगामी चार धाम यात्रा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी चार धाम यात्रा के लिए स्थानीय लोगों के पंजीकरण की अनिवार्यता को खत्म किया जाए। कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले सभी श्रद्धालुओं को उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में दर्शन करवाये जाएंगे। जिन श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के लिए होटलों एवं होमस्टे में बुकिंग करा ली है, उनकी दर्शन के लिए भी व्यवस्था की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि व्यवस्थित, सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालु चारधाम यात्रा के साथ राज्य के अन्य प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर भी जाएं, इसके लिए राज्य के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों के बारे में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए। इसके लिए पर्यटन, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाए। वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रद्धालुओं से अपने यात्रा



व्यय का 05 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करने की अपील की है। राज्य में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कुछ उत्पादों को व्यापक स्तर पर प्रमोट किया जाए। जीएमवीएन में भी स्थानीय उत्पादों को रखा जाए। राज्य के स्थानीय उत्पादों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए। चारधाम यात्रा मार्गों पर क्रैश बैरियर की समुचित व्यवस्था की जाए। यात्रा मार्गों पर पार्किंग स्थलों पर वाहन चालकों की रहने एवं सोने की समुचित व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा के लिए पुलिस द्वारा भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं से जो भी आवश्यक जानकारी लेनी है, केवल एक बार राज्य के एन्ट्री प्वाइंट पर ली जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। चारधाम यात्रा के लिए जिन-जिन विभागों से कार्मिकों की ड्यूटी लगती है, उन विभागों से जो कार्मिक स्वेच्छा से चारधाम ड्यूटी पर जाना चाहते हैं, उन्हें पहले प्राथमिकता दी जाए।चारधाम यात्रा पर जो भी स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं, उन्हें व्यवस्थित तरीके से लगाया जाए। चारधाम यात्रा के लिए यात्रा मित्र के तौर पर कुछ स्थानीय लोगों को रखा जाए। यात्रा मार्गों पर पार्किंग स्थलों में वाहन चालकों के रहने एवं सोने की व्यवस्था की जाए। चारधाम यात्रा पर आने वाले वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके लिए अन्य राज्यों से भी समन्वय किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव डॉ एसएस संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, अरविंद सिंह ह्यांकी, सचिन कुर्वे, एचसी सेमवाल, गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार, आइजी गढ़वाल केएस नगन्याल, आइजी रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव सी रविशंकर, एमडी जीएमवीएन विनोद गिरी गोस्वामी, वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग मयूर दिक्षित, जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना एवं जिलाधिकारी उत्तरकाशी अभिषेक रूहेला उपस्थित थे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया मलारी गांव में करेंगे प्रवास

## 31 मार्च को दून मेडिकल कॉलेज में 500 बेड के अस्पताल का शिलान्यास करेंगे

देहरादून। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 30 व 31 मार्च को उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान वे 30 मार्च को सीमांत जनपद चमोली के मलारी गांव में प्रवास करेंगे तो 31 मार्च को दून मेडिकल कॉलेज में 500 बेड के अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। अधिकारी उनके दौरे की तैयारियों में जुटे हुए हैं। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि दो दिवसीय दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया 30 मार्च को सुबह राज्य अतिथि देहरादून पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे राज्य अतिथि गृह से कैनाल रोड़ जाखन स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जीटीसी हेलीपैड देहरादून से आर्मी हेलीपैड मलारी चमोली के लिए रवाना होंगे। जहां से वह दोपहर 12:30 बजे आईटीबीपी कैंप मलारी विलेज पहुंचेंगे। करीब एक घंटा आईटीबीपी कैंप में रूकने के बाद मंत्री मलारी के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद



जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की समीक्षा करेंगे। डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह मलारी के अलावा आस-पास के कैलाशपुर, गुरगुटी, बंपा, गमशाली और नीति गांव का भी भ्रमण करेंगे। इसी बीच केन्द्रीय मंत्री स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकत्रियों से भी संवाद करेंगे और सीमांत क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा करेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि मलारी भ्रमण के उपरांत केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री 31 मार्च को वापस देहरादून पहुंचेंगे। जहां पर वह मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 11:30 बजे स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जिसके अंतर्गत दून मेडिकल कॉलेज के 500 बेड क्षमता के अस्पताल तथा ईसीआरपी-2 एवं प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत हेल्थ इंस्फ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत तीन जनपदों श्रीनगर (पौड़ी), रूद्रप्रयाग व नैनीताल हेतु स्वीकृत 50-50 बेड के तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास शामिल है। करीब तीन बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट से वह दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# अंकिता हत्याकांड केस में कोटद्वार सत्र न्यायालय में शुरू हुआ ट्रायल

पौड़ी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) प्रतिभा तिवारी की अदालत में मंगलवार से मुकदमे में ट्रायल शुरू हो गया है। पहले दिन ही चार गवाहों के बयान दर्ज किए गए। बचाव पक्ष की ओर से चारों गवाहों की प्रति परीक्षा भी हुई। अदालत की ओर से मंगलवार को बयान दर्ज कराने के लिए एक इंस्पेक्टर समेत पांच गवाहों को समन भेजा गया था लेकिन बयान अंकिता के चार परिजनों के ही हो सके। अब अगली सुनवाई पांच अप्रैल को होगी। डीजीसी व इस मामले में विशेष लोक अभियोजक नियुक्त जितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मंगलवार से मुकदमे का सत्र परीक्षण (ट्रायल) शुरू हो गया। अदालत में पहले दिन अंकिता के पिता बीरेंद्र भंडारी, मां सोनी देवी, भाई अजय सिंह व ताऊ राजेंद्र सिंह की गवाही हुई। अंकिता के पिता बीरेंद्र सिंह भंडारी ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पंत को अलग से अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है। बचाव पक्ष की मांग पर हत्याकांड के तीनों आरोपी पुलकित



आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अदालत में प्रस्तुत हुए। चारों गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद उनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज पुंडीर व अमित सजवाण ने घटनाक्रम से संबंधित प्रति परीक्षण कर सवाल पूछे। डीजीसी जितेंद्र रावत ने बताया कि अब अगली सुनवाई पांच अप्रैल को होगी। बयान दर्ज करने के लिए तीन गवाहों को समन भेजे गए हैं। बताया कि लक्ष्मणझूला पुलिस के विवेचना अधिकारी मनोहर सिंह रावत के बयान मंगलवार को नहीं हो सके, जो अब पांच अप्रैल को दर्ज कराए जाएंगे। अंकिता हत्याकांड मामले में प्रस्तुत आरोपपत्र में एसआईटी की ओर से 97 गवाह बनाए गए हैं। बयान दर्ज कराने से पूर्व बचाव पक्ष के अधिवक्ता अमित सजवाण ने अदालत में एक प्रार्थनापत्र दाखिल किया, जिसमें घटना के पूर्व के इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य (चौटिंग) की प्रति उपलब्ध कराने तक गवाहों की प्रति परीक्षा न कराने का आग्रह किया गया। इसे अदालत ने खारिज कर दिया।

# उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री करने के लिए मिलकर करने होंगे प्रयास: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष मंगलवार को राजभवन सचिवालय में उप क्षेत्रीय कार्यालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी)के सहायक निदेशक देवानंद ने संस्थान के क्रियाकलापों व गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने उत्तराखण्ड में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए संस्थान द्वारा किये जा रहे उपायों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन, भंडारण और तस्करी एक चुनौती के रूप में हमारे सम्मुख है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारी तंत्र के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की भी बड़ी भूमिका है। नशे के विरुद्ध सभी लोगों को एकजुट होकर एक जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी को मिलकर उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज तथा विश्वविद्यालयों में बच्चों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संस्थान समय-समय पर करें। विशेषकर युवाओं को नशे व मादक पदार्थों की गिरफ्त में आने से



रोका जाना जरूरी है। नशीले पदार्थों की आदत न केवल नशा करने वालों को प्रभावित करती है, बल्कि पूरे परिवार व समाज को भी नुकसान पहुंचाती है। युवा पीढ़ी पर तो इसका बहुत विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि संस्थान को पुलिस के साथ मिलकर मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में लिप्त लोगों व इसके नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने के सामूहिक प्रयास करे। राज्यपाल ने कहा कि मादक पदार्थों व नशे के व्यवसाय से जुड़े लोगों की पहचान व उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही जरूरी है। इसकी पहचान व मॉनीटरिंग के लिए मास मीडिया, सोशल मीडिया व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई तकनीकी का प्रयोग किया जाय। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों से कहा की रेखीय विभागों के साथ समन्वय कर, खुफिया नेटवर्क को मजबूत करते हुए समय-समय पर प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जाय।

# विदेशी डेलीगेट्स के काफिले का स्कूली बच्चों व लोगों ने किया 20 देशों के झंडों के साथ स्वागत,पुलिस रही मुस्तैद

रूद्रपुर। पंतनगर एयरपोर्ट पर विमान से उतरने के बाद पुलिस और कमांडो ने डेलीगेट को सुरक्षा घेरे में ले लिया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के अलावा डेलीगेट के आसपास किसी को नहीं फटकने दिया गया। जिले में 350 जगहों पर पुलिस मुस्तैद रही। डेलीगेट्स के काफिले के निकलने के दौरान पड़ने वाले क्षेत्रों को पांच-पांच मिनट के लिए जीरो जोन में तब्दील किया गया। विरोध की आहट के बीच सुव्यवस्थित ढंग से डेलीगेट्स के जिले से निकलने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान 30 वाहनों का काफिला छह थानों के बीच से निकला। मंगलवार को मेहमानों के आने से तीन घंटे पहले ही बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉयड ने पंतनगर एयरपोर्ट का निरीक्षण कर लिया था। वहीं होटल रेडिशन ब्लू को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया था। होटल की छत से जमीन तक सिर्फ पुलिस ही दिखाई दी। होटल की ओर जाने वाली सड़क को भी इस दौरान जीरो जोन में तब्दील किया गया। सवा घंटे होटल में की तैनाती देखने को मिली। पूरे रूट पर 1500 से अधिक पुलिस कर्मी मौजूद रहे। मेहमानों के काफिले में लग्जरी बस के अलावा एक जैमर, एंबुलेस और पुलिस



रुकने के बाद मेहमानों का काफिला रामनगर के लिए रवाना हुए। मेहमानो की सुरक्षा में पंतनगर, ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, गदरपुर, केलाखेड़ा और बाजपुर के थानों की पुलिस भी मौजूद रही। 60 किलोमीटर के रूट पर हर चार सौ मीटर में पुलिस के वाहन थे। रुद्रपुर में परशुराम चौक से डीडी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर हाइवे किनारे लोग काफिले को देखने के लिए एकत्र हुए थे। करीब एक घंटे तक इंतजार के बाद जैसे ही हाइवे को जीरो जोन किया गया तो लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई। कुछ देर बाद हाइवे पर गुजरते वाहनों की कतार देखकर लोग इस दृश्य का गवाह बनने के लिए दूर से सेल्फी लेने लगे, कई लोगों ने वीडियो बनाया। विदेशी मेहमानों ने गाड़ियों की खिड़कियों से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। विदेशी मेहमानों का इंदिरा चौक में मदरसा जामिआतुल हसनात रुद्रपुर के छात्र-छात्राओं ने हाथों में गुलाब के फूल और 20 देशों के झंडों के साथ स्वागत किया। जिले में अन्य कई विद्यालयों के साथ उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से संचालित दो मदरसों को अतिथियों के स्वागत का यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसमें रुद्रपुर से जामियातुल हसनात व केलाखेड़ा से मदरसा गरीब नवाज हैं। केलाखेड़ा में एमजीएम इंटर कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने जी-20 में शामिल देशों के ध्वज दिखाकर मेहमानों का अभिवादन किया।

# कांग्रेस के मशाल जुलूस में शामिल हुए पूर्व सीएम हरीश रावत,गिरफ्तार

नई दिल्ली/देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोस सदस्यता रद्द करने के विरोध में नई दिल्ली में हुए प्रदर्शन के दौरान उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुखर्जीनगर थाने ले जाया गया। नई दिल्ली में राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के विरोध में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की ओर से विरोध जताने के लिए मशाल जुलूस टाउन हॉल तक निकाला जाना था, लेकिन पुलिस की ओर से कांग्रेसियों को जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। मशाल जुलूस में



शामिल उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत भी शामिल हुए थे। उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं राहुल गांधी द्वारा वीर सावरकर को लेकर की गई टिप्पणी का कांग्रेस नेता हरीश रावत ने समर्थन किया है। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जो कहा है वो ऐतिहासिक तथ्य है। कांग्रेस ने भी वीर सावरकर का सम्मान एक स्वतंत्र सेनानी के रूप किया। इस मामले में कांग्रेस कोई हमलावर नहीं है ये सिर्फ एक ऐतिहासिक तथ्य है जो संदर्भ में है। हमारा उद्देश्य सिर्फ भाजपा को आईना दिखना है।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# युवाओं को विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाने की जरूरत: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम की स्थापना की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित ''राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन'' को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहते हुए नए भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। युवाओं को विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, जो सम्पूर्ण समाज को एक नयी दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि युवा विकल्प रहित संकल्प से आगे बढ़ते हुए अपने सपनों को पूरा करें। राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश विकसित और समृद्ध भारत की राह में आगे बढ़ रहा है। विश्व गुरु, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के महान संकल्पों को हमें पूर्ण करना है। यह संकल्प युवाओं के दृढ़ विश्वास के बल पर ही पूर्ण हो सकता है। उन्होंने उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्रोत ही नहीं रहे हैं बल्कि अपने विचारों से विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने में उनका अतुलनीय योगदान रहा है। स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षाएं हमें बताती हैं कि आप अपने स्वयं के कौशल हैं, आप स्वयं अपनी प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा कि हमारा देश संस्कृति, विरासत और परम्पराओं से समृद्ध है। युवा इन्हें अपनी शक्ति के रूप में प्रयोग करते हुए अमृतकाल के इस दौर में भारत ही नहीं बल्कि दुनिया को एक नयी दिशा देने का काम करें। राज्यपाल ने कहा कि आज का कौशल संपन्न युवा एक सही दिशा में प्रशिक्षित होकर विश्व की बदलती तकनीक के साथ गतिशील बन रहा है। युवा हर क्षेत्र में निपुणता हासिल करने के लिए विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लें। आज के समय में युवाओं को उनके विचारों और आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के युवाओं में एक अलग क्षमता और नेतृत्व की भावना है। इस कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन आश्रम, देहरादून के सचिव स्वामी असीमात्मानंद, रामकृष्ण मिशन आश्रम चंढ़ीगढ के अध्यक्ष स्वामी अनूपानंद, लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी की उपनिदेशक डॉ. अनुपम तलवार सहित विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।



# अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने किया कन्या पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पवन नवरात्र पर्व पर आज सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से मां महागौरी की पूजा अर्चना की गई साथ ही कन्या पूजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने मां महागौरी को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि समर्पित कर मां पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात श्रघलुओं द्वारा अपने आवास, प्रतिष्ठान व मंदिरों में कन्याओं का विधिविधान से पूजन किया गया। जिसमें कन्याओं को आदर पूर्वक अपने आवास अथवा प्रतिष्ठान में ले जाया गया। जहां उनके चरण धोये गये और उन्हें चुनरी ओढाकर पूजा की तथा उन्हें प्रसाद खिलाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं को कई उपहार भी भेंट किये। वहीं नवरात्र पूजन के अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के आवास पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं उनके अनुज संजय ठुकराल ने कन्या पूजन कर उद्यापन किया इस दौरान उन्होंने कन्याओं के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद ग्रहण किया उन्होंने कहा कि नवरात्र के पावन पर्व पर आज अष्टमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है ,शास्त्रों में कन्या पूजन के विशेष महत्व बताया गया है। कन्या पूजन करने से सभी प्रकार के मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने क्षेत्र में सुख समृद्धि एवम शांति की कामना करते हुए मां शक्ति की उपासना की। नवरात्र के अष्टमी पर्व पर नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर,महाराजपुर,भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स



दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर,श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। कल मंदिरों में धार्मिक आयोजनों के साथ श्री रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा जिसके लिए मंदिरों में विशेष तौयारियां की जा रही हैं।

# चरस तस्करी में किशोर को एक साल की परिवीक्षा में रखने के दिये आदेश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। किशोर न्याय बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण फैसले में नाबालिग से चरस की तस्करी में उपयोग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं साथ ही किशोर को एक साल की परीविक्षा में रखने व तीन माह तक समुदाय में नशा मुक्ति अभियान कार्य करने को कहा है। घटनाक्रम के अनुसार तीन मई 22 को कपकोट थाने में तैनात उपनिरीक्षक वंदना चौहान भानी गधेरे में चेकिंग कर रही थी तभी दूर से एक युवक आता दिखाई दिया पुलिस को देखकर वह सकपका गया। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके बैग में चरस है। जिस पर इसकी सूचना पुलिस उपाधीक्षक को दी। जिस पर पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने मौके पर जाकर उसकी तलाशी ली जिस पर उसके पास चरस मिली। पुलिस ने उसे तोला तो इसकी मात्रा 698 ग्राम थी जिस पर पुलिस ने उसे अपने संरक्षण में लिया तथा उसके परिजनों को सूचना देते हुए उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया। बोर्ड में प्रधान न्यायाधीष रिजवान अंसारी व बोर्ड सदस्यों के समक्ष सहायक अभियोजन अधिकारी नंद किशोर भटट ने कुल 11 गवाह पेश कराए। पत्रावली का अवलोकन करने के बाद बोर्ड ने विधि विवादित बालक को एक साल की परीविक्षा में रखने के आदेश दिए साथ ही वह तीन माह तक समुदाय को नशा मुक्ति के लिए कार्य करने के आदेश दिए। साथ ही जिला विधि परीविक्षा अधिकारी को आदेश दिए कि वह पत्रावली के अनुसार उससे तस्करी कराने के लिए प्रयोग करने वाले दुर्गा सिंह के खिलाफ धारा 78 के तहत विधिक कार्रवाई करे। आदेश में यह भी कहा है कि यदि बालक एक साल तक परीविक्षा के दौरान विधि का उल्लंघन करता है तो उसे बोर्ड के समक्ष पेश करके निगरानी की शेष अवधि के लिए विशेष या सुरक्षित गृह भेजा जाएगा।

# मीना शर्मा ने किया जनसंपर्क

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा मंगलवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत जगतपुरा पहुंची। जहां उन्होंने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। इसी क्रम में श्रीमती शर्मा शक्ति विहार कॉलोनी के सामने वाली रोड पर स्थित श्री हनुमान मंदिर के सामने नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद सरदार इंद्रजीत सिंह के नव प्रतिष्ठान खालसा मोबाइल पर पहुंची और उन्होंने सरदार इंद्रजीत सिंह और उनके परिवार को नव प्रतिष्ठान की बधाई दी। उल्लेखनीय है कि बस स्टेशन के सामने नैनीताल दिल्ली हाईवे पर खालसा मोबाइल शॉप थी जिसे पिछले दिनों नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा लोहिया मार्केट को नेस्तनाबूत करते समय हटा दिया गया था। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा की सरदार इंद्रजीत सिंह एक हिम्मती ईमानदार और कुशल व्यापारी है वह नव प्रतिष्ठान खुलने से बहुत खुश है और वह उनके सुखद और उज्जवल भविष्य की कामना करती है। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा पूर्व मेयर प्रत्याशी सुनील आर्य अरविंद सक्सैना सहित अनेकों अन्य लोग भी उपस्थित थे।



# एन एस एस के स्वयं सेवियों ने की कल्याणी नदी की सफाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का पाँचवे दिन कल्याणी नदी घाट पर लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुआ। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों ने कल्याणी नदी के आसपास के क्षेत्र की सफाई का कार्य किया। साथ ही आसपास के क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को नदियों को बचाए रखने के लिए जागरूक किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत पोस्टर



एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपमाला ने नदियों के अस्तित्व पर संकट का मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेंद्र मिश्रा ने जागरूकता रैली का नेतृत्व किया। डॉ. रंजीता जौहरी ने जल संरक्षण की विभिन्न प्रविधियों के बारे में बताया। सभी स्वयंसेवकों को बीआरडी आईटीआई कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर, यश राज फुटेला द्वारा हैंडस ऑन ट्रेनिंग कराई गई तथा वर्तमान में तकनीकी शिक्षा के महत्व को समझाया गया। इनमें संस्थान के सुनील कुमार, अंजली कुमारी एवं सत्येंद्र कुमार द्वारा भी छात्रों को तकनीकी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. भारत पांडेय एवं डॉ. रवीश त्रिपाठी के अलावा छात्रसंघ सचिव रोहित चंद्र भट्ट, चंदन भट्ट, वरिष्ठ स्वयंसेवी कैलाश राठौर एवं सुदीप सिंह उपस्थित रहे ।

# चालक ने नशे में धुत होकर दौड़ाई एम्बुलेंस

बागेश्वर (उद संवाददाता)। वाहन चलाते समय शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है, वही अभियान के बाद भी वाहन चालकों द्वारा नशे में वाहन1 चलाए जा रहे हैं, जिनसे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका रहती है,शराब के नशे में धुत 108 एंबुलेंस के चालक ने एक दुकान की दीवार पर वाहन टकरा दिया। वह रोगी को जिला अस्पताल में भर्ती के बाद वापस लौट रहा था। वाहन में उसके अलावा कोई अन्य नहीं था। जिससे बड़ी घटना टल गई है। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद उसे गिरफ्तार किया है। उसके लाइसेंस को निरस्त करने के लिए एआरटीओ को लिखा है। वहीं, 108 सेवा के काडिनेटर ने भी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।बीती रात लगभग ढ़ाई बजे बनलेख स्थित 108 एंबुलेंस पिंडारी रोड पर कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल से कुछ आगे खीम ओली की दुकान की दीवार से टकरा गई। जोरदार आवाज होने पर आसपास के लोग भी अर्धरात्रि में नींद से जाग गए। उन्होंने बाहर देखा तो एंबुलेंस बीचोंबीच सड़क पर तिरछी दिखी। उन्होंने तत्काल पुलिस को फोन पर सूचना दी। प्रभारी कोतवाल खष्टी बिष्ट दलबल के साथ घटना स्थल पहुंची। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस का चालक विनोद सिंह पुत्र शेर सिंह, निवासी वज्यूला नशे में था। 108 को भारी क्षति पहुंची है और दीवार को भी नुकसान हुआ है। चालक को जिला अस्पताल लाया गया। मेडिकल परीक्षण के बाद शराब की पुष्टि हुई। एंबुलेंस को सीजकर चालक का 185 में चालान किया गया है। चालक को गिरफ्तार किया गया है। शराब पीकर वाहन चलाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसके ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त करने को एआरटीओ को भेज दिया गया है। घटना के समय वह अकेला था और कोई रोगी एंबुलेंस में नहीं था। जिससे बड़ी घटना टल गई है। इधर, 108 के काडिनेटर कमल शर्मा ने बताया कि चालक नशे की हालत में था। वाहन में रोगी नहीं था। उसका कहना है कि ट्रक को बचाने के लिए वाहन को मोड़ने पर घटना हुई। वह 2020 से नियुक्त है। काफी पुराना चालक है। लेकिन नशे की पुष्टि हो गई है। उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी,किसी भी चालक को नशे में वाहन नही चलाने की सख्त नसीहत दी गई है।



# पैराग्लाइडिंग प्वाइंट का किया निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता) कॉमर्शियल पैराग्लाइडिंग जॉन विकसित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रीना जोशी ने कुमाऊँ मंडल विकास निगम एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ तहसील पिथौरागढ़ के अंतर्गत पुरान पट्टी के ग्राम बरखालेख में पैराग्लाइडिंग के स्टार्ट प्वाइन्ट (जहां से उड़ान भरेगा) एवं एग्जिट प्वाइन्ट (जहां पर उतरेगा) का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कुमाऊं मंडल विकास निगम एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम बरखालेख में पैराग्लाइडिंग के स्टार्ट प्वाइंट एवं एग्जिट प्वाइंट को विकसित किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने सामने पैराग्लाइडिंग का डेमो करके भी देखा। इस दौरान तहसीलदार पंकज चंदोला आदि उपस्थित थे।



# ऐतिहासिक जी 20 सम्मेलन का आगाज: ताज रिसोर्ट पहुंचे विदेशी मेहमानों का वेलकम ड्रिंक से स्वागत





## पंतनगर ऐयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के घेरे में रामनगर पहुंचे 17 देशों के 51 प्रतिनिधि पहाड़ी गीतों से मंत्रमुग्ध हुए विदेशियों ने अपने फोन में कैद किए नृत्य की फोटो





रुद्रपुर/पन्तनगर/रामनगर (उद संवाददाता)। भारत में पीएम नरेंद्र मोदी की प्रेसिडेंसी में जी–20 सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित पहली बैठक के लिये रामनगर में सांय 05 बजे के करीब विदेशी डेलीगेट्स पंतनगर एयरपोर्ट से ताज रिसोर्ट में बस से पहुँचे जहाँ संस्कृति विभाग की पंजीकृत संस्था भोटिया सांस्कृतिक कला मंच समिति, जोशीमठ द्वारा झोड़ा नृत्य के माध्यम से विदेशी मेहमानों का स्वागत किया गया। पारम्परिक परिधानों में समिति की महिलाओं ने कुमाऊँनी पिछौड़ा व पुरुषों ने कुर्ता पयजामा व आँगड़ी में झोड़ा नृत्य के माध्यम से विदेशियों का स्वागत किया। झोड़ा नृत्य शादी ब्याह कौथिक (मेले) में किया जाने वाला सामूहिक नृत्य है। यह नृत्य दो प्रकार का होता है। एकात्मक झोड़ा और प्रबंधनात्मक झोड़ा । इस नृत्य में देवी देवताओं और ऐतिहासिक वीरभड़ों का चरित्र गान होता है। ताज रिसोर्ट पहुँचने के बाद विदेशी मेहमानों का वेलकम ड्रिंक से होटल कार्मिकों द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त दीपक रावत, आई जी नीलेश आंनद भरणे उपस्थित थे। जी–20 सम्मेलन के अंतर्गत रामनगर (जनपद नैनीताल) में आयोजित होने वाली चीफ साइंटिफिक एडवाइजर्स की बैठक में भाग लेने के लिए 17 देशों के 51 प्रतिनिधि दोपहर 1:30 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुॅचें। जिसमें से 18 प्रतिनिधि भारत से, रसिया से 04, नाइजीरिया से 01, फ्रान्स से 02, इटली से 02, यूएसए से 02, कोरिया से 01, यूनाइटेड किंगडम से 05, जापान से 01, स्पेन से 01, साउथ अफ्रीका से 04, ऑस्ट्रेलिया से 01, नीदरलैण्ड से 01, कनाडा 02, सऊदी अरब से 03, ब्राजील से 01, चाईना से 02 से प्रतिनिधि पंतनगर एयरपोर्ट पहुॅचे। जबकि यूरोपियन संघ के 03 सदस्य रामनगर पहुॅचें। मण्डलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे तथा जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने मेहमानों के पन्तनगर पहुॅचने पर स्वागत किया। इसके पश्चात कुमाऊॅनी परिधानों में सुशोभित सांस्कृतिक टीम द्वारा तिलक लगाकर, पहाड़ी टोपी, पटका, तुलसी माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभी प्रतिनिधि पहाड़ी टोपी एवं कल्चर से अभिभूत एवं खुश नजर आए। यहां बेड़ू पाको बरामासा गीत की धुन पर मेहमानो द्वारा पहाड़ी सांस्कृति आधारित छोलिया नृत्य एवं कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लेते हुए, कुछ प्रतिनिधि इन लम्हों को अपने मोबाइल्स में कैद करते हुए एवं सेल्फी लेते हुए नजर आए तो कुछ प्रतिनिधि कुमाऊनी संगीत की धुन पर नृत्य करने से खुद को नहीं रोक पाए और संगीत पर जमकर थिरके। प्रतिनिधियों को स्थानीय उत्पादों से परिचित कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय उत्पाद पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें विभिन्न प्रकार के स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। प्रतिनिधियों के लंच की व्यवस्था स्थानीय होटल रेडीशन ब्लू में की गई थी, जिसमें पहाड़ी एवं स्थानीय व्यंजनों के साथ ही विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। अपराह्न 3:30 बजे डेलीगेट्स ने रामनगर के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान मण्डलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, प्रबन्ध निदेशक मण्डी आशीष भटगाई, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, तुषार सैनी, कौस्तुभ मिश्रा आदि उपस्थित थे।





# कार्बेट नेशनल पार्क के बिजरानी जोन में सफारी का लुत्फ उठाएंगे विदेशी मेहमान

## अतिथियों को गाला डीनर से पूर्व कलाकारों द्वारा उत्तराखंड की विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी





रूद्रपुर/रामनगर। जी 20 सम्मेलन में आने वाले विदेशी व भारतीय अतिथियों के स्वागत के लिए रूद्रपुर बाजपुर और रामनगर के लोग उत्साहित दिखे। सड़क मार्ग पर मानव श्रंखला बनाकर विदेशी मेहमानों का विभिन्न क्षेत्रों में स्वागत किया गया। वहीं रामनगर वासियों ने विदेशी अतिथियों का फूलों से स्वागत किया। इस दौरान यह मेहमान पहाड़ी गीतों से इतने मंत्रमुग्ध हुए कि झूमने लगे। महिलाएं कुमाऊंनी परिधान में सजी नजर आयी। जी–20 सम्मेलन में आने वाले अतिथियों के स्वागत के लिए रामनगर तैयार है। ढिकुली नम रिसार्ट में अतिथियों को गाला डीनर से पूर्व कलाकारों द्वारा उत्तराखंड की विभिन्न संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी। उत्तराखंड से दो सौ से अधिक कलाकार रामनगर पहुंच चुके हैं। जी–20 सम्मेलन को लेकर कार्बेट पार्क में सफारी के लिए अतिथियों की सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम हैं। सफारी में अतिथियों के साथ केवल सशस्त्र कार्बेट के तेजतर्रार फारेस्टर व फारेस्ट गाड्र्स सुरक्षा में रहेंगे। जिप्सी चालकों व गाइड्स का भी सत्यापन पुलिस ने कर लिया। विभाग भी अपनी ओर से चालक व गाइड को आइडी जारी करेगा। ढिकुली में जी–20 सम्मेलन के लिए 28 से 30 मार्च तक भारतीयों के साथ ही 20 देशों के डेलीगेट्स भी पहुंच रहे हैं। 30 मार्च को डेलीगेट्स ने कार्बेट पार्क के बिजरानी पर्यटन जोन में सफारी करनी है। 30 जिप्सियों को सफारी के लिए रखा गया है। इन जिप्सियों की भी पूरी तकनीकी जांच हो चुकी है, जो चालक व गाइड डेलीगेट्स को सफारी कराएंगे उनकी भी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज लेकर पुलिस ने पूरी जांच कर ली है। कार्बेट प्रशासन भी जिप्सी चालकों व गाइड्स को अपनी ओर से आइडी देगा ताकि सुरक्षा में किसी तरह की कोई कमी न रहे। कार्बेट पार्क के वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि नियमानुसार कार्बेट में किसी तरह का अग्नेय शस्त्र ले जाना प्रतिबंधित है। ऐसे में अतिथियों के साथ लगे बाहरी सुरक्षा कर्मी नहीं जाएंगे। कार्बेट के फारेस्टर व फारेस्ट गाड्र्स की सुरक्षा में अतिथियों को सफारी कराई जाएगी। सफारी से पहले बिजरानी में रिहर्सल भी कराई जाएगी।

# मां मुरादें पूरी करदे हलवा बांटूंगी

## माता की चौकी में निशा और अमन के भजनों पर झूमे श्रद्धालु





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बाबा भक्त मण्डल आदर्श कालोनी की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष्य में माता की भव्य चौकी का आयोजन सुविधा होटल और





जी मार्ट के पास आदर्श कालोनी में किया गया। माता की चौकी में काशीपुर की भजन गायिका निशा अरोरा और रूद्रपुर के अमन सांवरियां ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। माता की चौकी का शुभारम्भ विधिवत ज्योति प्रज्वलित करके किया गया। भजन गायकों ने गुरू वंदना गणेश वंदना के बाद भजनों की शुरूआत की। देर रात तक चली माता की चौकी में भजन गायिका निशा अरोरा ने मां मुरादे पूरी करदे हलवा बांटूंगी, आज मेनू नच लेन दे, मैने मोहन को बुलाया है वो आता होगा जैसे कई भजनों से माहौल को भक्तिमय कर दिया। वहीं भजन गायक अमन सांवरिया ने मां सोना लगे तेरा नाम, तू कितनी अच्छी है, बम लहरी, ए री सखी मंगल गाओ री, प्यारा सजा है तेरा द्वार आदि भजनों से समां बांध दिया। देर रात आरती और भोग के बाद प्रसाद वितरण के साथ माता की चौकी का समापन हुआ। इस दौरान आयोजकों ने चौकी में पहुंचे विशिष्ठ अतिथियों एवं भजन गायकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। माता की चौकी के सफल आयोजन पर बाबा भक्त मण्डल के संस्थापक बाबा भक्त विक्की मुंजाल ने सभी सहयोगियों और चौकी में पहुंचे भक्तों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से आयोजन सफल हुआ है। भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजन करने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, मेयर रामपाल सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, अशोक मुंजाल, आशीष मुंजाल, मनोज मुंजाल, गर्वित मुंजाल, राम चंद आहूजा, उमंग आहूजा, सोनू गुम्बर, नरेश गुलाटी, प्रवीण अरोरा, रुशील अरोरा, दीपक ढींगरा, पार्षद आयुष तनेजा, राजेन्द्र फुटेला, किशन सहगल, बंटी सहगल, सुमित सहगल, राम चंद भुड्डी, गौरव भुड्डी, राज कुमार सीकरी, तनिष्क सीकरी, शिवम मुंजाल, राजू मुंजाल, अशोक खुराना, पवन कटारिया, आलोक चावला, जतिन नागपाल, नीतीश धीर,राम प्रकाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मानस अग्रवाल, वैभव ग्रोवर, हन्नी ग्रोवर, भुवनेश अरोड़ा, रोशन लाल तागरा, तुषार आहूजा, गौतम आहूजा, शिवम तागरा आदि शामिल थे।

# श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में बुराईयों को दूर करने के लिए ही भगवान श्री कृष्ण इस जगत में अवतरित हुए थे। उन्होंने अपने जीवन काल में कई दैत्यों व लोगों पर अत्याचार करने वालों का संहार किया।





यहां सिंह कालोनी गली नंबर एक में स्थित श्री श्री शनि देव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सुनाते कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण जी का अवतरित होने का वर्णन विशेष महत्व रखता है। क्योंकि भगवान श्री कृष्ण जी महाराज का इस जगत में अवतरित होना पहले से ही निर्धारित था। जब पापी कंस अपनी पत्नी देवकी की नवजात संतानों को मरने लगे तो कंस व उसके पापों का अंत करने के लिए ही भगवान श्री कृष्ण जी ने देवकी के गर्भ से आठवीं संतान के रूप में इस जगत में अवतार लिया। जन्म के बाद से ही ज्यों ज्यों बड़े होते गए। लोगों पर अत्याचार करने वाले दैत्यों तथा पापी लोगों का अंत करने लग गए। श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनते उपस्थित श्रद्धालु भजनों की धुन पर नाचते पुष्प वर्षा करने लगे। सारा वातावरण पूरी तरह से कृष्ण मय हो गया। कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज ने कहा कि कभी भी किसी के साथ बुरा मत करो। हमेशा दूसरों की मदद के लिए खुद को अर्पित करो। यही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज द्वारा भजन भी सुनाए गए जिन्हें सुनकर सारे श्रद्धालु भक्ति में मग्न हो गए। इस मौके पर कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, गोबिंद राय, केके दास, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देव दास सरकार, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गोविन्दबी सरकार अमित सरकार,बी उषाबीबी मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुव्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, कविता मंडल, देवदास सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, अमित बीसरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# चंडिका देवी महोत्सव का डीएम ने किया शुभारंभ

बागेश्वर (उद संवाददाता)।नवरात्रि के मौके पर प्रसिद्ध चंडिका देवी मंदिर में चंडिका महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ हो गया है।चंडिका मंदिर परिसर पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने रीबन काट कर महोत्सव का शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि नवरात्र पर देवी की पूजा होती है।नगर व्यापार मंडल ने सराहनीय कार्य किया है।जिला प्रशासन उन्हें हरसंभव मदद करेगा। इस दौरान मेहंदी समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।जिलाधिकारी के पहुंचते ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मच गई,स्कूली छात्रों और लोकगायक ने अपनी गायिकी से महोत्सव में चार चांद लगा दिए, डीएम ने कहा कि



नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और महाकाली के नौ स्वरुपों की पूजा होती है। सरकार भी नारी शक्ति उत्सव का आयोजन कर रही है।ऐसे महोत्सवों के माध्यम से संस्कृतियो को संरक्षण मिलता है, देवी के नौ रूपों की तरह महिला मातृशक्ति होती है। व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि महोत्सव के दौरान मेहंदी, नाटक, माता के भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात्रि जागरण होगा। इसदौरान विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने सभी भक्तों को चंडिका महोत्सव के आयोजन के लिए आयोजन समिति की पहल की सराहना की, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि पहली बार नगर की मुख्य देवी चंडिका मंदिर में आयोजन समिति द्वारा कराया जा रहा महोत्सव भव्यता से हो रहा है। महोत्सव में भुबन कांडपाल,भगवत डसीला, सुनील भंडारी, गीता रावल,सीसीएन न्यूज चौनल के सीईओ और चंडिका बैंकेट हॉल के स्वामी महेश जोशी, सुनीता टम्टा, उमेश लाल साह,भीम कुमार, किशनराम,पुष्कर गिरी महाराज आदि उपस्थित थे।

# कष्टों को दूर करते हैं नवरात्र: ठुकराल

## रविन्द्र नगर में किया बसंती महोत्सव का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रविंद्र नगर रियल गेट अप स्पेंटिंग क्लब सोसायटी द्वारा आयोजित मां बसंती पूजा महोत्सव का विधि विधान से पूजा अर्चना कर व फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि मां दुर्गा की पूजा अराधना से सभी कष्ट दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व बुराईयों को त्यागकर अच्छाईयों को आत्म सात करने का पर्व है। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। ऐसे आयोजन समाज को सही दिशा प्रदान करने के साथ ही धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा भी देते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के फाईनल राउंड में एजे बोन प्रथम, डीआरएस ग्रुप द्वितीय व तृतीय स्थान पर अभिषेक रहा। जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल, सुल्तान सिंह, गगन ग्रोवर, बंटी राजोरिया, हैप्पी चौहान, संजय राठौर, आनंद शर्मा, बंटी कोली, संजय हालदार सभी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थिति कमेटी के अध्यक्ष एसपी



सरकार, सचिव तारक अधिकारी, उपाध्यक्ष प्रदीप दास, उप सचिव सूरज विश्वास, कोषाध्यक्ष अर्जुन विश्वास, संस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी भारती सरकार, निकिता मालिक, संरक्षक अनूप कुमार सरकार, मानसिंह, प्रभात वैध,मानदार मण्डल, तपन हाल्दार, रविंद्र विश्वास, मनोज अधिकारी, भोला मंडल, शंकर सरकार, महेंद्र सरकार, संजय घोष, परितोष मंडल, रंजीत मंडल, सपना मंडल, बलाई मंडल, अजीत मंडल, संजय धर आदि लोग उपस्थित थे।



# रेडक्रॉस समिति इंटीरियर एरिया में लगाए स्वास्थ्य शिविर : रीना

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिला रेडक्रॉस समिति की त्रैमासिक बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सचिव रेडक्रॉस समिति व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए जनपद के इंटीरियर एरिया में स्वास्थ्य कैंप लगाये जायें। उन्होंने इंटीरियर एरिया में ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग देने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने



स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग देने को कहा। जिलाधिकारी ने सचिव रेडक्रॉस समिति को निर्देश दिये कि जिला प्रशासन द्वारा जब भी बहुउददेशीय शिविरों का आयोजन किया जाय तो वहां पर रेडक्रास द्वारा भी कैंप लगाया जाए। जिलाधिकारी ने रेडक्रॉस के सदस्यों की संख्या बढ़ाए जाने के भी निर्देश सचिव रेडक्रॉस को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएस हयांकी, सचिव जिला रेडक्रॉस समिति भगवान सिंह आदि उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अपराधियों की सजा

कानून के मुताबिक सजायाफ्ता लोगों को उनके आचरण के मद्देनजर समय से पहले रिहा करने का प्रावधान है।सर्वोच्च न्यायालय ने बिलकिस बानो मामले में ग्यारह दोषियों को समय से पहले रिहा किए जाने के फैसले पर कड़ा रुख दिखाया है। अदालत ने केंद्र और गुजरात सरकार की तरफ से पेश वकीलों से कुछ असहज करने वाले सवाल पूछे और उन्हें इस रिहाई के फैसले से संबंधित सभी दस्तावेज अगली तारीख पर उपलब्ध कराने को कहा। इससे स्वाभाविक ही इस मामले में कोई नया मोड़ आने की संभावना देखी जा रही है।गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसकी आंखों के सामने ही उसकी तीन साल की बच्ची समेत परिवार के सात लोगों की हत्या कर दी गई थी। इसमें मुकदमा चला और ग्यारह लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। मगर इन सभी दोषियों को केंद्र सरकार की मंजूरी से गुजरात सरकार ने पिछले साल पंद्रह अगस्त को समय से पहले ही सजा माफी दे दी थी।इसमें तर्क दिया गया कि चूंकि जेल में दोषियों का आचरण अच्छा था, इसलिए नियम के मुताबिक उन्हें समय से पहले रिहा कर दिया गया। मगर गुजरात सरकार के इस फैसले को लेकर चौतरफा सवाल उठने शुरू हो गए। बिलकिस बानो ने इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी। उसी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में यह प्रक्रिया शुरू हुई है। कानून के मुताबिक सजायाफ्ता लोगों को उनके आचरण के मद्देनजर समय से पहले रिहा करने का प्रावधान है, मगर यह नियम हर मामले में एक समान लागू नहीं होता। खासकर हिंसा और बलात्कार जैसे मामलों में इस नियम का उपयोग करते समय खासी सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है। यही सवाल बिलकिस बानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी केंद्र और गुजरात सरकार से पूछा कि क्या इस मामले में उचित नियमों का पालन किया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने बिलकिस मामले को भयावह कृत्य बताया।दरअसल, गुजरात दंगों को लेकर शुरू से तत्कालीन सरकार पर सवाल उठते रहे हैं, बिलकिस मामले में दोषियों को समय से पहले जेल से बाहर निकाल कर एक नया विवाद मोल ले लिया। विपक्षी दलों को तो इस पर हमला बोलने का मौका मिला ही, अदालत ने भी इसमें कई प्रक्रियागत खामियां देखी हैं। सवाल यह भी है कि क्या गुजरात सरकार को इन दोषियों को रिहा करने का अधिकार था।फिर यह भी कि किन नियमों के तहत उन्हें रिहा किया गया। वादी पक्ष का कहना है कि इससे संबंधित नए और पुराने दोनों नियम सरकार को ऐसा करने की इजाजत नहीं देते। फिर इन ग्यारह दोषियों के जिस अच्छे आचरण का तर्क दिया गया, वह भी संदिग्ध है। पैरोल के दौरान उनमें से कुछ पर छेड़छाड़ के आरोप लगे। उनके आपराधिक पृष्ठभूमि को भी रेखांकित किया जा रहा है। किसी भी कल्याणकारी सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह जघन्य अपराध करने वालों को कठोर दंड दिलाने में सहयोग करेगी। किसी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार, उसकी बच्ची और उसके पूरे परिवार की हत्या कर देना जघन्य अपराध की श्रेणी में ही आता है। जिस समय बिलकिस का बलात्कार हुआ, वह गर्भवती थी। इसलिए गुजरात सरकार के फैसले और केंद्र की उस पर सहमति लोगों को खटक रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने उसी बिंदु को रेखांकित किया और पूछा है कि क्या सरकार हिंसा और बलात्कार के अन्य मामलों में भी यही रुख रखती है। अदालत इस मामले को अगले दो-तीन महीनों में ही निपटाने के पक्ष में है, इसलिए स्वाभाविक ही लोगों की नजर उसके फैसले पर अटकी हुई है।

# ऑनलाइन गेम्स:बच्चों के जीवन से खेलते खेल

आजकल बड़े-बुजुर्ग और महिलाओं समेत बच्चे स्मार्ट फोन के आदि हो गए हैं। कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के बहाने ये विद्यार्थियों की मुट्ठी में आ गए। फिर क्या था, जो खेल भारत की समृद्ध संस्कृति शारीरिक स्वास्थ्य और जीवन के विकास की अभिप्रेरणा थे, वे देखते-देखते भ्रम, ठगी, लालच और पोर्न का जादुई करिश्मा बनकर मन-मस्तिष्क पर छा गए। यहां तक की 'ब्लू व्हेल' खेल में तो आत्महत्या का आत्मघाती रास्ता तक सुझाया जाने लगा। बच्चे लालच की इस मृग-मरीचिका के दृष्टिभ्रम में ऐसे फंसे कि धन तो गया ही, कईयों के प्राण भी चले गए। सोशल मीडिया की यह आदत जिंदगी में सतत सक्रियता का ऐसा अभिन्न हिस्सा बन गई कि इससे छुटकारा पाना मुश्किल हो गया। इससे मुक्ति के स्थायी उपाय के अंतर्गत कानून लाने की बात सत्ता-संचलकों ने सोची, लेकिन इनका संचालन वैश्विक स्तर पर है और इनके सर्वर विदेशी धरती पर हैं, इसलिए इन पर भारतीय कानून असरकारी नहीं होते, अतएव कानूनी अंकुश की बात लगभग बेमानी है। बालमन अत्यंत चंचल होता है। भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाएं इस चरित्र के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। हम जानते हैं कि एक मामूली गेंद्र को लाने के लिए उन्होंने उस यमुना में छलांग लगा दी थी, जिसमें कालिया जैसा खतरनाक नाग रहता था। चूंकि कृष्ण ईश्वरीय अवतार थे, इसलिए वे नाग का मान-मर्दन करने में सफल रहे, लेकिन आज ऑनलाइन खेलों के पीछे बच्चों को गुस्सैल और हिंसक बनाने का खतरनाक खेल खेला जा रहा है। ब्लू ब्हेल, जिसे नीली पोर्न फिल्मों की तर्ज पर 'नीली-ब्हेल' खेल के भी नाम से भी जाना जाता है की शुरूआत 2013 में रूस में हुई थी। दिलकश दुनिया रचने वाले इंटरनेट के मायाजाल में यह खेल दुनियाभर में फैल कर बच्चों के दिलो-दिमाग पर छा गया। इस खेल में ऐसी विचित्र चुनौतियां पूरी करने के निर्देश बच्चों को दिए जाते हैं, जिनमें आत्महत्या भी शामिल है। नतीजतन खेल के जनक देश रूस में ही 2022 के अंत तक 130 से ज्यादा किशोरों ने अपनी जीवन-लीला खत्म कर ली। मरने वाले ये किशोर 10 से 15 वर्ष के थे। इस खेल के जाल में फंसकर अपना विवेक खो चुके पहले किशोर ने 2015 में खुदकुशी की थी। इस मृत्यु की सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हुई और खेल के आविष्कारक फिलिप बुदिकिन नाम के छात्र को 14 नवंबर 2016 को मास्को में गिरफ्तार कर लिया गया था। फिलिप को अनैतिक कार्यों में लिप्तता के चलते विश्वविद्यालय से निकाल दिया गया था। यह मनोविज्ञान का छात्र था। इस खेल में सिलसिलेबार कई टास्क यानी कर्त्तव्य पालन के निर्देश नियंत्रक द्वारा दिए जाते हैं। पहले मामूली कामों से शुरूआत होती है, जिससे खिलाड़ी रुचि लेता चला जाए। निरंतर 50 दिन तक चलने वाले इस खेल में आगे बढ़ने के साथ चुनौतियां कठिन होने लगती हैं। इनमें समय पर काम करने की बाध्यता के साथ क्रेन पर चढ़ना, नदी में छलांग लगाना, आधी रात शमसान भूमि में जाना, डरावनी फिल्में देखना, शरीर को ब्लेड से काट लेना, त्वचा को खरोंच कर जांघ पर ब्लू ब्हेल का नाम लिखना या चित्र बनाना। सट्टे के खेल में जिस तरह व्यक्ति लुटता-पिटता चला जाता है, उसी तरह इस खेल की सीढ़ी-दर-सीढ़ी चढ़ने के लिए बालक बाजी इस उम्मीद से लगाते रहते हैं कि किसी एक स्टेज पर तो जीत उनके हाथ लग ही जाएगी। अंततः उम्मीद की इसी आस में वह आत्महत्या कर लेने के शिखर से छलांग तक लगा देता है। खेल-खेल में कुछ कर गुजरने की यह मनस्थिति भारत समेत दुनिया अनेक बच्चों की जान ले चुकी है। ऑनलाइन खेलों में पब्जी, रोबोलॉक्स, फायर-फैरी, फ्री-फायर भी प्रमुख खेल हैं। ये सभी खेल चुनौती और कर्त्तव्य के फरेब से जुड़े हैं। इन खेलों में दूध और पानी पीने की सरल चुनौतियों से लेकर कई घंटे मोबाइल पर बने रहने, मित्रों से पैसे उधार लेने, छत से कूदने, घुटनों के बल चलने, नमक खाने और बर्फ में रहने तक की चुनौतियां शामिल हैं। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में जनवरी 2022 में 11 वर्षीय सूर्यांश ने फांसी लगा ली थी। इसके पहले 16 वर्षीय विनय रजक और 12 वर्षीय बालिका दुर्गा ने फांसी लगाई थी। पुलिस पड़ताल से पता चला कि ये सभी बच्चे मोबाइल पर हिंसक खेल खेलने के आदि हो गए थे। इसके बाद प्रदेश सरकार द्वारा ऑनलाइन खेलों पर प्रतिबंध लगाने का कानून बनाने का दावा किया गया था, लेकिन परिणाम शून्य रहा। पूरी दुनिया में इस समय डिजिटल खेलों का कारोबार बढ़ रहा है। भारत में तो इसका रूप दैत्याकार होता जा रहा है। 2022 में भारत में डिजिटल खेलों की संख्या 510 मिलियन के करीब पहुंच गई है। फिलहाल विश्व में लोकप्रिय डिजिटल खेलों में मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल), फैंटेसी स्पोर्टस प्लेटफार्म, ड्रीम-11 और लूडो किंग हैं। ये सभी खेल भारत में उपलब्ध हैं। भारत से संचालित होने वाली खेल कंपनियों में चीन सहित कई देशों की कंपनियों की पूंजी लगी हुई है। इन खेलों के अमेरिका, चीन, भारत, ब्राजील और स्पेन बड़े खिलाड़ी हैं। ऐसी उम्मीद है कि 2025 तक भारत में इन खेलों का व्यापार 290 अरब रुपए का हो जाएगा। ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन के चलते विद्यार्थियों की मुट्ठी में एनरॉयड मोबाइल जरूरी हो गया है। मनोविज्ञनी और समाजशास्त्री इसके बढ़ते चलन पर निरंतर चिंता प्रकट कर रहे हैं। पालक बच्चों में खेल देखने की बढ़ती लत और उनके स्वभाव में आते परिवर्तन से चिंतित व परेशान हैं। पालक बच्चों को मनोचिकित्सकों को तो दिखा ही रहे हैं, चाइल्ड लाइन में भी शिकायत कर रहे हैं। दरअसल बच्चों का मोबाइल या टेबलैट की स्क्रीन पर बढ़ता समय आंखों की दृष्टि को खराब कर रहा है। साथ ही अनेक शारीरिक और मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में भी बच्चे आ रहे हैं। पोर्न फिल्में भी देखते बच्चे पाए गए हैं। ऑनलाइन खेल आंतरिक श्रेणी में आते हैं, जो भौतिक रूप से मोबाइल पर एक ही किशोर खेलता है, लेकिन इनके समूह बनाकर इन्हें बहुगुणित कर लिया जाता है। वैसे तो ये खेल सकारात्मक भी होते हैं, लेकिन ब्लू ब्हेल, पब्जी जैसे खेल उत्सुकता और जुनून का ऐसा मायाजाल रचते हैं कि मासूम बालक के दिमाग की परत पर नकारात्मकता की पृष्ठभूमि रच देते हैं। मनोचिकित्सकों और स्नायु वैज्ञानिकों का कहना है कि ये खेल बच्चों के मस्तिष्क पर बहुआयामी प्रभाव डालते हैं। ये प्रभाव अत्यंत सूक्ष्म किंतु तीव्र होते हैं, इसलिए ज्यादातर मामलों में अस्पष्ट होते हैं। दरअसल व्यक्ति की आंतरिक शक्ति से आत्म्बल दृढ़ होता है और जीवन क्रियाशील रहता है। किंतु जब बच्चे निरंतर एक ही खेल खेलते है तो दोहराव की इस प्रक्रिया से मस्तिष्क कोशिकाएं परस्पर घर्षण के दौर से गुजरती हैं, नतीजतन दिमागी द्वंद्व बढ़ता है और बालक मनोरोगों की गिरफ्त में आ जाता है। ये खेल हिंसक और अश्लील होते है,तो बच्चों के आचरण में आक्रामकता और गुस्सा देखने में आने लगता है। दरअसल इस तरह के खेल देखने से मस्तिष्क में तनाव उत्पन्न करने वाले डोपाइन जैसे हारमोनों का स्राव होने लगता है। इस द्वंद्व से भ्रम और संशय की मनस्थिति निर्मित होने लगती है और बच्चों का आत्मविश्वास छीजने के साथ विवेक अस्थिर होने लगता है, जो आत्मघाती कदम उठाने को विवश कर देता है। हालांकि डोपाइन ऐसे हारमोन भी सृजित करता है, जो आनंद की अनुमति के साथ सफलता की अभिप्रेरणा देते हैं। किंतु यह रचनात्मक साहित्य पढ़ने से संभव होता है। बहरहाल इस हेतु भारत सरकार को ही प्रभावी कदम उठाने होंगे।

**प्रमोद भार्गव**
**लेखक, साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार है।**



# गदरपुर में गर्मजोशी से हुआ भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर के प्रतिष्ठित अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का भव्य स्वागत किया गया। अनहद ग्रुप के एमडी लवली हुड़िया द्वारा भगत दा का स्वागत पुष्पवर्षा व पुष्पमालाओं से किया।स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओ ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,पुष्कर धामी जिंदाबाद ,भगत सिंह कोश्यारी जिंदाबाद गुँजन सुखीजा जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाते हुए माहौल को भाजपामयी कर दिया स्वागत के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज से गाड़ियों और बाइको के साथ भव्य काफिले के रूप में नगर में प्रवेश किया जहां भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा के कार्यालय पर भगत दा का स्वागत किया गया।बाइक रैली ओर गाड़ियों के काफिले को देख भगत दा ने गदगद होते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष के कंधे को थपथपाते हुए आशीर्वाद दिया।भगवती राइस मिल परिसर में भाजपा के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने की वही कार्यक्रम के संयोजक परमजीत सिंह पम्मा व कपिल गण्डा रहे।कार्यक्रम का संचालन मण्डल प्रभारी अमित सिंह,मण्डल महामंत्री अनिल जेटली व अभिषेक वर्मा द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भगत दा ने कहा वह यहां अपने परिवार से मिलने आये है उत्तराखंड का एक एक व्यक्ति उनके परिवार का सदस्य है उन्होंने कहा वह चाहते है कि उत्तराखंड का एक एक व्यक्ति आत्मनिर्भर बने ।उन्होंने महाराष्ट्र के राज्यपाल के अनुभव को सांझा करते हुए प्रदेश में गेहूं चावल की खेती के साथ साथ फलों की खेती करने का आवाहन किया ।साथ ही उन्होंने सौर ऊर्जा के लिए उपस्थित जनता को प्रेरित किया। महामहिम राज्यपाल भगत दा ने उपस्थित जनता के कार्यक्रम में पहुँचने पर धन्यवाद किया उन्होंने कहा यह आकर उन्हें अपने परिवार से मिलने का मौका मिला है। वही नगर में चर्चा है कि जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा की कार्यशैली भाजपा को लगातार क्षेत्र में मजबूत कर रही है।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय , भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ,मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अश्वनी कुमार ,परमजीत सिंह पम्मा, अशोक हुड़िया ,राजेश डावर, संजय डावर, मनोज डाबर, अशोक छाबड़ा, अमित नारंग, राहुल पैगिया,महिंद्र कालड़ा, डॉक्टर सोनू विश्वास, सुदेश कुमार डंग,रविंद्र प्रधान,हर्षपाल बन्टी, जसवीर चीमा,हरबंस छाबड़ा, सुभाष गुंबर,लवली हुड़िया,जुगनू हुड़िया,रजत हुड़िया,अनहद हुड़िया, अमरीक सिंह,राजेश गुंबर,सुरेश कंबोज, प्रभजोत खेड़ा,नरेश हुड़िया, चंकित हुड़िया, धर्मेंद्र शास्त्री, रोबिन फुटेला, रजत गाबा,नमित झाम,सुखदेव नामधारी,सर्वजीत, राजकुमार भुड्डी, मोहन लाल खेड़ा, राकेश भुसरी,गौरव मदान, सतीश मुंजाल,अनिल गाबा, संजीव अनेजा,निर्मल छाबड़ा, सतीश छाबड़ा,जुगनू सुखीजा, यशपाल राजहंस, अजय गुप्ता, पान सिंह, रवि राणा, संदीप कुमार, शिवा राजहंस ,आलोक उपरेती, विकल कुमार,मनोज गिरी ,राजेश सिंह ,राहुल अग्रवाल अमित कुमार ,पवन खुराना ,आदित्य सुखीजा,कुलवीरी चौधरी, राजबाला चौहान ,पूनम ग्रोवर, ममता रानी, लक्ष्मी चौहान ,अनीता रानी सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।।





# रामनगर में करोड़ों की योजनाओं का सीएम ने किया शिलान्यास व लोकार्पण



रामनगर (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुध वार को रामनगर रोडवेज बस स्टेशन परिसर में रामनगर विधानसभा की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। धामी ने रामनगर मे रामनगर बस पोर्ट के लिये 28 करोड़, पॉलिटेक्निक भवन के लिये 15 करोड़,. नंदा लाइन सौन्दर्यीकरण के लिये 2 करोड़ , पुरानी तहसील परिसर में बहुमंजिला पार्किंग के लिये 13 करोड़ रुपए की योजना का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसके साथ ही स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट द्वारा रामनगर के विकास को लेकर सौंपे गये मांग पत्र में भी मुख्यमंत्री द्वारा शहर के विकास को लेकर कई अन्य घोषणा भी की गई। इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम छोर के हर व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे जिसको लेकर सरकार जनता के बीच पहुंच रही है उन्होंने कहा कि जनता का हित सर्वोपरि है। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी,प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ,नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, माल धन मंडल अध्यक्ष दीपा भारती, नगर महामंत्री ब्लाक प्रमुख रेखा रावत, आशीष ठाकुर, ग्रामीण मंडल महामंत्री घनश्याम शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष अग्रवाल, निर्मला रावत, अंजना सुंद्रियाल ,भावना भट्ट , रुचि गिरी, इंदर रावत, नवीन करगेती सहित कई लोग मौजूद रहे।

# श्याम बाबा की निकाली भव्य शोभायात्रा

सितारगंज(उद संवाददाता)। श्री श्याम सत्संग मण्डल के तत्वाधान में खाटू श्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विधिवत् पूजन अर्चना के साथ ध्वज उठाकर किया। मुख्य अतिथि सौरभ बहुगुणा ने कहा कि खाटू धाम सम्पूर्ण भारत में श्याम भक्तों का रमणीय स्थल है बाबा श्याम की आस्था जन जन में है श्याम बाबाकी भक्ति में इतनी शक्ति है कि वे अपने भक्तों पर अटूट कृपा करते हैं। श्याम भक्तों का सैलाब बाबा के जयकारे लगाता हुआ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुऐ सनातन धर्य मंदिर पंहुचा। जहां भक्तों ने बाबा के निशान को चढाध्कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर शिवकुमार मित्तल,सुरेश अग्रवाल, रोशन लाल अग्रवाल, सुरेश सिंघल, राजाराम सिंघल, कमल जिन्दल, महेश मित्तल, उमेश गर्ग, शीतल सिंघल, सुशील जैन, संजय गोयल,दीपक गोल्डी, दीपक जैन, गोविन्द सिंघल, बृजलाल गुप्ता, बजरंग गुप्ता, अनिल सिंघल,मुकेश गर्ग,विनय गर्ग,अंकुर गर्ग,मनय गर्ग, विशाल मित्तल,संजीव गोयल,मनीश मित्तल,सतीश उपाध्याय,विकास मित्तल,विपिन मित्तल,विजय सलूजा,उमेश सिंघल,डब्बू बिन्दल जितेन्द्र गर्ग,विकास गर्ग,पूनम अग्रवाल, जूही गर्ग,मीना अग्रवाल, सुनीता गोयल,भावना अग्रवाल, पूनम जैन,बाला मित्तल,रेनू गर्ग।ममता गर्ग,मोनिका गोयल,पूजा गुप्ता,रुचि गोयल,श्वेता गोयल, रचना अग्रवाल,मानसी गर्ग आदि मौजूद रहे





## पेज एक का शेष...

**वैज्ञानिकों ने चार...**विकसित करना शामिल है। इसके अलावा जो हमारा परंपरागत ज्ञान उसका उचित वैज्ञानिक सत्यापन कर उपयोग करने पर भी मंथन किया गया। चौथे एजेंडे में वैश्विक विज्ञान सलाह तंत्र को मजबूत करने पर विशेषज्ञ मंथन किया जाना है। जैसे एक संस्थागत तंत्र को विकसित कर संवाद के जरिये विकासशील और कम विकासशील देशों को लाभांवित किया जा सके, इस पर भी बातचीत होनी है। कांफ्रेस शाम छह बजे तक होनी है।

**गाजे बाजे के साथ..**द्वारा किये जा रहे राधा कृष्ण के नृत्य से लोग मंत्रमुग्ध होकर नाचते गाते जा रहे थे। शोभायात्रा का जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा रम्पुरा से प्रारंभ होकर किच्छा रोड़, इन्द्रा चौक, नैनीताल रोड़, डीडी चौक, अटरिया रोड़ होती हुई प्राचीन श्री अटरिया माता शक्तिपीठ पहुंची। जहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ माँ अटरिया की प्रतिमा स्थापित किया गया। शोभायात्रा महंत माता पुष्पा देवी की अगुवाई में निकाली गयी। डोले के आगे और पीछे भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था की कमान चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी, आदर्श कालोनी चौकी प्रभाीर अशोक कांडाल, एसआई मोहन चंद संभाल रहे थे। साथ ही कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, हरीश सनवाल, हेम फुलारा सहित कई पुलिस कर्मी तैनात रहे। डोले में अनिल चौहान,मीना शर्मा, अनिल शर्मा, उत्तम दत्ता, तरूण दत्ता, राजेश गुप्ता, राजू गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

**कर्नाटक में दसमई....**मतदान केंद्रों को मॉडल पॉलिंग स्टेशन बनाया जाएगा। युवाओं को मतदान केंद्रों पर लाने के लिए 224 मतदान केंद्र सिर्फ युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा। कर्नाटक में 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 80, जेडीएस ने 37 और भाजपा ने 104 सीटों पर जीत दर्ज की थी। अन्य के खाते में तीन सीटें गई थीं। प्रदेश में 80+ मतदाताओं की संख्या 12.15 लाख और 100+ मतदाताओं की संख्या 16,976 है।चुनाव आयोग ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय दल के दर्जे की समीक्षा कर रहा है।

**विधायककैड़ा के पिता...**सीएम ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं। निधन की सूचना मिलने पर सांत्वना व्यक्त करने के लिए शाम से जजफार्म स्थित घर पर लोगों का जुटना शुरू हो गया था। बुधवार सुबह 9.30 बजे रानीबाग स्थित चित्रशीला घाट पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, विधायक डा. मोहन बिष्ट, चंदन बिष्ट, हुकुम सिंह कुंवर, मोहन पाठक, डा. अनिल डब्बू मौजूद थे। विधायक कैड़ा के पिता नारायण सिंह कैड़ा 20 साल तक ओखलकांडा में सरपंच रह चुके हैं। मिलनसार और सहयोगी स्वभाव के होने के कारण उनकी अलग पहचान थी। क्षेत्र के लोगों के हर दुख-सुख में वह साथ खड़े नजर आते थे।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।शक्तिफार्म के आनंद नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ के षष्टम् दिवस में कथा व्यास परम श्रद्धेय आचार्य प्रमोद जोशी जी ने भागवत के प्रति भक्तों का ध्यान आकर्षित किया एवं भगवान के बाल लीलाओं का बहुत सुंदर मार्मिक ढंग से वर्णन किया। समस्त ग्रामवासियों ने एवं भक्तों ने सहयोग किया जिस अनुष्ठान की पूर्णाहुति और भंडारा कल किया जाएगा।

# मलिक कालोनी से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने मलिक कालोनी में खड़ी मोटर साइकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में जसप्रीत सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी आदर्श कालोनी ने कहा है कि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 वाई 5686 को 18 मार्च की दोपहर मलिक कालोनी के सामने खड़ा करके खाना खाने चला गया था। जब वह वापस आया तो देखा उसका वाहन अपने स्थान पर नही है। जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त वाहन के समस्त मूल दस्तावेज गाड़ी के अन्दर ही थे। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सहारा मे डूबा...** मांग की गई थी,जो अगस्त 2012 में शीर्ष अदालत द्वारा दो सहारा फर्मों - सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन लिमिटेड और सहारा हाउसिंग इंडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) को निर्देशित करने के बाद बनाई गई थी।

**विधानसभा कार्मिकों..** को स्टे भी दिया गया था। धरने में कौशिक, गोपाल नेगी, राहुल पांडे, हिमांशु पांडे, तुशांत बिष्ट, भगवती साहनी, दीप्ति पांडे, कविता फर्त्याल, सरोज कठैत, अक्षत शर्मा, रविंद्र रावत आदि सभी बर्खास्त कर्मचारी उपस्थित थे।


## सूचना संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र सबूज हाल्दार मेरा कोई कहना नहीं मानता है आये दिन परिवार में लड़ाई झगड़ा और कलह करता है। काफी समझाने पर भी उसका व्यवहार नहीं सुधरा है। उसके दुर्व्यहार से परेशान होकर मैंने अपने पुत्र सबूज हाल्दार को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और उससे सभी सम्बंध और रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में सबूज हाल्दार अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य और लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रंजीत हाल्दार पुत्र स्व. श्री खगेन हाल्दार**
निवासी वार्ड नं.19, खेड़ा उत्तरी, रूद्रपुर
(उधम सिंह नगर)उत्तराखण्ड


# सेवा कार्यों के लिए हेमंत को मुख्यमंत्री सम्मान देने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम के मेयर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला ने हेमंत गोनिया के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें मुख्यमंत्री पुरस्कार देने की संस्तुति भी मुख्यमंत्री से की तथा मुख्यमंत्री को पत्र में हेमंत द्वारा किए गए समस्त समाज सेवा के प्रमाण पत्र व चलचित्र संस्तुति रजिस्ट्री डाक द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा। प्रेषित पत्र में मेयर ने लिखा है कि हेमन्त गौनिया समाज सेवी संगठन, हल्द्वानी को समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए उत्तराखण्ड में हर कोई जानता है। इन्होने हल्द्वानी में लॉकडाउन के दौरान दो साल तक अपने संसाधनों से अपनी टीम के साथ मिलकर हल्द्वानी में निशुल्क सैनिटाइज अभियान चलाया। जिसमें इनकी टीम द्वारा पुलिस के सभी थाने-चौकियों, गली-मोहल्ले, गांव में निशुल्क सैनिटाइज किया एवं सरकारी दफ्तरों, सरकारी विद्यालयों को भी सैनिटाइज करवाया गया। हल्द्वानी क्षेत्र में डेंगू मलेरिया का फॉगिंग छिड़काव और लोगों में जागरूकता लाने का कार्य भी इनके द्वारा किया गया। इनके द्वारा गरीब, बेसहारों की सहायता तथा विधवा पेंशन विकलांग, पेंशन, वृद्धा पेंशन लगाये जाने हेतु निरन्तर प्रयास किया जाता है। दिव्यांगों को व्हीलचेयर, बैसाखी व कृत्रिम अंग भी निशुल्क इनकी संस्था द्वारा दिये जाते हैं तथा उनके इलाज, दवाई, कपडे भोजन व खून आदि के व्यवस्था भी इनके द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। हेमन्त आरटीआई के माध्यम से अनेकों प्रकरणों पर कार्यवाही करा चुके हैं। श्री गौनिया स्वयं 40 प्रतिशत विकलांग है। परन्तु इसके उपरान्त भी इनके द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया जाता है। पत्र में मेयर ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि हेमन्त गौनिया समाज सेवी द्वारा उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें मुख्यमंत्री सम्मान पुरस्कार से पुरस्कृत करने की संस्तुति की जाती है। इससे पूर्व हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, मटर गली व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली भी मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए संस्तुति कर हेमंत गोनिया के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेज चुके हैं।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जीआईसी ढिकुली का हुआ कायाकल्प

## रामनगर में डिग्री कॉलेज की दीवारों पर पहाड़ी संस्कृति का सजीव चित्रण देख प्रफुल्लित हुए सीएम धामी

रामनगर। उत्तराखण्ड के रामनगर में प्रथम बार जी-20 सम्मेलन की मेजबानी को देखने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया। श्री धामी के डिग्री कॉलेज रामनगर पहुंचने पर लोक सांस्कृतिक छोलिया दलों के साथ ही सुसृज्जित महिलाओं द्वारा कुमाऊँनी परिधान में एकत्र हो कर फूलों की वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा डिग्री कालेज से पैदल ही मार्ग का निरीक्षण किया गया।








जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल द्वारा मार्ग की दिवारों पर उत्तराखण्ड की संस्कृति को उकेरा गया है उसे देखकर श्री धामी गौरवान्वित हुये। मुख्यमंत्री ने मार्ग की पेंटिक को देखकर स्वयं फोटो खिचवाई। श्री धामी रामनगर की बदली तस्वीर देखकर प्रफुल्लित हुये। जी- 20 की मेजबानी के चलते मार्ग में जिन लोगों के अव्यवस्थित आवासीय भवन थे उनका सौन्दर्यीकरण जिला प्रशासन द्वारा करने पर क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री को अपने आवासीय भवनों से फूलों की वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा जीआईसी ढिकुली विद्यालय का लोकापर्ण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्कूल का कायाकल्प देखकर श्री धामी अचंभित हो गये। जीआईसी ढिकुली स्कूल में सौन्दर्यीकरण एवं फर्नीचर की व्यवस्थायें उच्चकोटी के साथ सुसज्जित की गई है। इस विद्यालय को निजी विद्यालयों से भी कही अग्रिम पंक्ति पर खड़ा कर दिया है। श्री धामी द्वारा विद्यालय की बालवाटिका एवं झूलों का भी निरीक्षण किया गया। ढिकुली विद्यालय एवं बालवाटिका देखकर श्री धामी ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री धामी ने ढिकुली गर्जिया मन्दिर पहुंचकर माता के दरबार में पूजा अर्चना की तथा प्रदेश में अमन एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। श्री धामी ने गर्जिया मन्दिर के सौन्दर्यीकरण हेतु प्रस्ताव सिंचाई विभाग को 15 अप्रैल तक देने के निर्देश दिये। इस अवसर पर विधायक श्री दीवान सिंह बिष्ट, राकेश नैनवाल, इन्दर रावत, दिनेश मेहरा, चौहान चन्द्र इसके साथ ही जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भट्ट, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ल, प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार, एसडीओ पूनम आदि उपस्थित रहे।

## जी-20 के सहारे हाईटेक हुआ सरकारी स्कूल, जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

रामनगर (उद संवाददाता)।जी 20 बैठक को लेकर रामनगर शहर का कायाकल्प किया गया है। इसी के तहत राजकीय इंटर कॉलेज ढिकुली को प्रशासन ने हाईटेक बना दिया है। जिसे देखकर सीएम धामी भी अचंभित हो गए। स्कूल के भवन को आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया गया है। साथ ही उच्च कोटि के फर्नीचर लगाए गए हैं। सीएम धामी ने स्कूल का लोकार्पण किया। जी 20 समिट का फायदा रामनगर के एक सरकारी विद्यालय को मिला है, जो विद्यालय कुछ दिन पूर्व तक जीर्णक्षीर्ण अवस्था में था। उसका जी 20 सम्मेलन को लेकर कायाकल्प कर दिया गया है। प्रशासन ने राजकीय इंटर कॉलेज ढिकुली में सौंदर्यीकरण एवं फर्नीचर की व्यवस्था करने के साथ ही स्कूल को उच्च कोटि तरीके से सुसज्जित किया है। जिसे देखकर सीएम पुष्कर सिंह रावत भी अचंभित हो गए। वहीं, सीएम धामी ने इस विद्यालय का लोकार्पण किया। रामनगर में जी-20 बैठक को लेकर शहर और कई भवनों का कायाकल्प किया गया है। इसे विद्यालय की किस्मत ही कहेंगे कि अब राजकीय इंटर कॉलेज ढिकुली हाईटेक हो चुका है। इस मौके पर सीएम धामी ने कहा हमें हमेशा अच्छे चीजों की आशा करनी चाहिए। आशा है कि आगे सभी विद्यालयों की दशा सुधरेगी। जी-20 बैठक को लेकर प्रशासन द्वारा स्कूल का कायाकल्प देखकर मुख्यमंत्री आश्चर्यचकित हो गए। इस दौरान सीएम धामी ने स्कूल की बाल वाटिका एवं झूलों का भी निरीक्षण किया। ढिकुली विद्यालय एवं बाल वाटिका का सौंदर्यीकरण देखकर सीएम धामी ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## विधायक राणा ने किया धर्मशाला का उदघाटन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नन्दी बाबा मंदिर ध्यानपुर में धर्मशाला का उदघाटन क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा द्वारा किया गया। ग्राम ध्यानपुर स्थित मंदिर में क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा की विधायक निधि से पांच लाख की लागत से धर्मशाला का उदघाटन करते हुये श्री राणा ने कहा कि धार्मिक संस्था



में धर्मशाला के निर्माण से मंदिर में आने वाली संगत विश्राम कर सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहें है। विधायक निधि से विधानसभा क्षेत्र में कई निर्माण कार्य कराए जा रहें है। इससे पूर्व विधायक का ग्रामीण एंव मंदिर समिति द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष सतनाम सिंह, हरिओम राणा, बाबू सिंह, सतपाल सिंह, कुलदीप सिह आदि मौजूद थे।

## पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उत्तराखंड सरकार द्वारा एक अप्रैल से विधवा, वृद्धा, विकलांग, किसान, तलाकशुदा सहित अन्य पेशन फार्म ऑनलाइन ही जमा करने के आदेश के विरुद्ध पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सहायक समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से प्रेषित कर उनसे पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि नए आदेश से गरीब लोगो को आर्थिक भार पड़ेगा। लोगो को कई दिक्कतें आएगी। गरीब और अनपढ़ लोगो को ई सेंटर के चक्कर लगाने पड़ेंगे। सलमानी ने कहा कि जिस गरीब विधवा को कुछ साल



पहले बीस हजार रुपया पेंशन मिलती थी राष्ट्रीय पारिवारिक सुरक्षा योजना के तहत सरकार ने उसको बन्द कर दिया है। इसी प्रकार विधवा की पुत्री के विवाह के लिए पहले पचास हजार रुपया मिलता था उसके नियम इतने कठोर बना दिए कि लोगो को पैसा नहीं मिलता है। सलमानी ने कहा कि को महिलाए वृद्धा पेंशन पा रही है उनकी पुत्री के विवाह के लिए आर्थिक सहायता दी जाय ताकि गरीब वृद्धा महिलाओं की पुत्री का विवाह हो सके। इस दौरान उनके साथ बहुत सी विधवा, वृद्धा, विकलांग लोगो ने तहसील परिसर में सरकार और समाज कल्याण विभाग के विरुद्ध जमकर नारे बाजी की और ऑनलाइन आवेदन जमा करने वाले आदेश को वापस लेने की माग की।

## सौरव बेहड युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सयुंक्त समन्वयक नियुक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा विधायक तिलकराज बेहड के छोटे पुत्र सौरव बेहड को यूथ कांग्रेस के मीडिया डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण पांडे ने नेशनल ज्वाइंट मीडिया कोड़िनेटर यूथ कांग्रेस के पद पर नियुक्त किया है। वरुण पांडे ने सौरभ राज बेहड को अपने दिल्ली स्थित कार्यालय में यूथ कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में उनको नियुक्ति पत्र सौंपा। सभी ने उन्हें बधाई दी तथा मीडिया डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण पांडे ने कहा कि सौरभ बेहड कांग्रेस के बहुत ही सक्रिय कार्यकर्ता है, तथा उन्होंने अपने पिता को किडनी प्रत्यारोपण करके युवाओं के लिए एक मिसाल कायम की है। उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर उनको



इस पद पर नियुक्त किया जा रहा है ने पूरा विश्वास है सौरभ बेहड़ अपने दायित्व को पूर्ण रूप से निभाएंगे सौरभ राज बेहड ने यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निवास वी वी तथा मीडिया डिपार्टमेंट के अध्यक्ष वरुण पांडे, दीपक भाटी, को को पहाड़ी, अभवव्या चौहान, प्रदीप शोर्या, उत्तराखंड यूथ के प्रदेश सुमित्तर भुल्लर का का आभार जताते हुए कहा कि वे पूर्वी कांग्रेस के लिए सदैव सक्रिय रहे यह पद मिलने के बाद उनकी जिम्मेदारी कांग्रेस के प्रति और बढ़ गई है वह पूर्ण रूप से जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उनका पूरा प्रयास रहेगा कि मीडिया कोर्डिनेटर के रूप में वे कांग्रेस का अधिक से अधिक प्रचार व प्रसार कर के बाद अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस में सम्मिलित करा सके।

## पार्टी की रीतियों नीतियों को जन जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता: भट्ट

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के दिनेशपुर रॉड स्थित कार्तिक गार्डन के परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना की अध्यक्षता में विधानसभा बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक आहूत की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ,विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ,क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे,प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रदेश मंत्री गुरविंदर चंडोक सहित विधानसभा के मण्डल अध्यक्ष व प्रभारी मंचासीन रहे।बैठक का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भारत माता,श्यामाप्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्रण सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।बैठक का संचालन गदरपुर मण्डल प्रभारी अमित सिंह द्वारा किया गया ।बैठक के दौरान मंचासीन अतिथियों ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत अपने विचारों को रखते हुए बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की बात कही।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने





उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए बूथ अध्यक्ष से लेकर पन्ना प्रमुख तक की जिम्मेदारियों को विस्तार से बताते पार्टी की रीति नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा बूथ सशक्तीकरण अभियान के तहत वह कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने आए हैं जिससे कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रति ऊर्जावान जोश पैदा होगा जिससे बूथ स्तर का कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने के लिए घर घर जाकर जन जन तक पार्टी की रीति नीतियों को पहुंचाएगा उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर कार्य करने का समय आ गया है जिसे समस्त कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत कर मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री के रूप में भारत देश को देना है उन्होंने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी 20 का कार्यक्रम और अहम बैठक का आयोजन उत्तराखंड के रामनगर में करवाया है जिससे उत्तराखंड के नाम से सिर्फ भारत ही नहीं विदेशों में भी इस उत्तराखंड और उत्तराखंड वासियों की पहचान बनेगी। हमारे लिए यह पल गौरवान्वित एहसास कराने वाला है उन्होंने भारत के नागरिक होने के नाते सभी को जी-20 की टीम का जोरदार स्वागत करने का आवाहन किया। बैठक से पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का जोरदार स्वागत निकटवर्ती ग्राम कैलाशपुर में प्रधान प्रतिनिधि व किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हर्ष पाल बंटी के निवास स्थान पर किया गया जहां कार्यकर्ताओं ने महेंद्र भट्ट जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद पुष्कर धामी जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा,विधायक अरविंद पांडे ,भाजपा प्रदेश मंत्री गुरविंदर चंडोक विकास शर्मा नरेश हुड़िया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ,महेंद्र कालरा ,अनादि रंजन मंडल ,मंडल प्रभारी अमित सिंह,गुरबख्श सिंह ,विकास गुप्ता ,चेयरमैन सीमा सरकार, चेयरमैन अनीता दुबे, रिजवान हुसैन, राजेश कुमार मिन्नी,पंकज सेतिया, हुड़िया,हरलोक नामधारी,नरेश शास्त्री,रवि पाल, राजेश सक्सेना,परमजीत सिंह पम्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।।